

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 5 अगस्त को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग पश्चात जिला कार्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 5 अगस्त 2025 को प्रातः 11.00 बजे से 1.00 बजे तक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलेवार वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़ने हेतु भी निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने सर्व कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्धारित तिथि को नियत समय पर स्वयं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ ई-ऑफिस के प्रशिक्षण हेतु वीडियो कांफ्रेसिंग से अनिवार्यतः रूप से जुड़ना सुनिश्चित करेंगें।

### आशा समूह की महिलाएं बनी आर्थिक रूप से मजबूत

**जशपुर।** जिले के दुलदुला विकासखंड में बिहान योजना अंतर्गत गठित आशा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि संगठन, समर्पण और सहयोग से किस प्रकार आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। आज ये महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुलदुला में अस्पताल रसोई संचालन का दायित्व कुशलता से निभा रही हैं और इसके माध्यम से न केवल मरीजों को पौष्टिक और समय पर भोजन मिल रहा है, बल्कि समूह की सदस्याएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

समूह की सदस्य श्रीमती ज्ञानमुनि लकड़ा बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल प्रशिक्षण मिला, बल्कि समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई का ठेका लिया। अब वे प्रतिदिन मरीजों के लिए स्वच्छ, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाती हैं। इस कार्य से हर महिला सदस्य को प्रति वर्ष लगभग 60,000 की आय हो रही है। वे कहती हैं कि, "हम पहले सिर्फ घर की जिम्मेदारी निभाते थे, आज समूह के माध्यम से आय भी हो रही है और आत्मविश्वास भी बढ़ा है।"

### विभिन्न पदों हेतु चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जिला एवं जनपद स्तर के विभिन्न पदों पर 21 जुलाई 2025 को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। जिसकी सूची जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया है। साथ ही जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है।

### जिले में अब तक 7018.4 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7018.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 29 जुलाई तक की स्थिति में 4874.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 757.0 मिमी, मनोरा में 894.3 मिमी, कुनकुरी में 999.1 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.1 मिमी, बगीचा में 727.1 मिमी, कांसाबेल में 684.9 मिमी, पत्थलगांव में 602.6 मिमी, सन्ना में 825.6 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## ऑपरेशन अंकुश के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पुलिस को चकमा देकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले की पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और सूझबूझ का परिचय देते हुए बहुचर्चित 'ऑपरेशन अंकुश'के तहत एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए बागे अकरम उर्फ गुड्डू को पुलिस ने रविवार को सीतापुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

■ पांच बाइक चोरी के मामलों में था शामिल

आरोपी पर चोरी के कुल पांच मामलों में स्थाई वारंट जारी था। यह वही आरोपी है, जो मार्च 2025 में पेशी पर अंबिकापुर लाए जाने के दौरान बस स्टैंड से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने के लिए तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और लगातार दबिश का सहारा लिया। आरोपी बागे अकरम गिरफ्तारी से बचने के लिए बैकुंठपुर और सरगुजा के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपता फिर रहा था। वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। किसी के संपर्क में नहीं था,लेकिन रविवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि वह सीतापुर क्षेत्र में एक बस में देखा गया है। सूचना मिलते ही पत्थलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 17 मार्च 2025 को आरोपी को जशपुर जेल से अंबिकापुर न्यायालय में पेशी हेतु ले जाया जा रहा था। पेशी के बाद जब पुलिस उसे लेकर लौट रही थी, उसी दौरान अंबिकापुर बस स्टैंड में भीड़ का फायदा उठाकर वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इस मामले में थाना अंबिकापुर में बीएनएस की धारा 262 के तहत फरारी का केस दर्ज किया गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**ऑपरेशन अंकुश रहेगा जारी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से जनता में असुरक्षा की भावना थी। ऐसे मामलों के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। 'ऑपरेशन अंकुश' के अंतर्गत अपराधियों की धरपकड़ जारी रहेगी।

### पांच बाइक चोरी का मामला था दर्ज

आरोपी के विरुद्ध पत्थलगांव थाने में अलग-अलग पांच मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज थे, जिनमें सभी मामले वर्ष 2024 के शुरुआत में दर्ज किए गए थे। ये सभी घटनाएं पत्थलगांव नगर क्षेत्र की थीं, जहां मोटरसाइकिलें सरेआम भीड़भाड़ वाले इलाकों से चोरी हो गई थीं। चोरी गई गाड़ियों में सीजी 14 एमआर 5874 नेहल अग्रवाल, बस स्टैंड पत्थलगांव, सीजी 13 एफ 8179 छतर साय चौहान, बुलडेगा, सीजी 14 एमजी 0194 कलेप खलखो, नंदन झरिया, सीजी 14 एमके 1166 शिवकुमार यादव, कोयला फैक्ट्री गली एवं सीजी 14 एमके 0717 सहदेव एक्का, पतरापाली शामिल है। इन सभी मामलों में थाना पत्थलगांव में धारा 379 भा.दं.वि. के तहत अपराध दर्ज था।

### पहले भी गिरफ्तार हो चुका है आरोपी

इन बाइक चोरी के मामलों में बागे अकरम उर्फ गुड्डू को पहले भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। उसके कब्जे से पुलिस ने सभी मोटरसाइकिलें भी बरामद की थीं। फरारी के बाद से वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी कर दिया था।

### इनका रहा योगदान

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक आशीषन टोप्पो और तुलसी रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उपेक्षित पड़ा वन डिपो अतिक्रमण की चढ़ा भेंट, वन विभाग मौन



**कोतबा।** कारगिल चौक पर स्थित वन डीपो वन विभाग की उदासीनता से उपेक्षित पड़ा है। यहां वनकर्मियों के लिये बनाये गए भवन तो है , लेकिन देखरेख के अभाव में जर्जर पड़ा है। वनविभाग के कर्मियों के नहीं रहने से चारों ओर गंदगी है। डीपो के चारों ओर छोटे-बड़े दुकानदार अतिक्रमण कर दुकानदारी कर रहे है लेकिन वन विभाग अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है.वनकर्मियों के नहीं रहने से आसपास के जंगलों से अवैध कटाई हो रही हैं. नगर में खुलेआम लकड़ियों का गोरखधंधा चल रहा है। एक ओर पूरे देश में सरकार की ओर से लोगों को वन संरक्षण के ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ दाह संस्कार के लिये भी नहीं है लकड़ी

### लकड़ी की व्यवस्था कराता हूं

नियमित वनकर्मियों के नही रहने के कारण अतिक्रमण हो गया है। कर्मियों के नहीं रहने से वन डीपो ग्राम पंचायत जामझोर में बनाया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए जिले के शीर्ष अधिकारी और नगर पंचायत से सहयोग लिया जाएगा। दाह संस्कार के लिये लकड़ी की व्यवस्था करवाता हूं।

-कृपासिंधु पैंकरा, रेंजर पत्थलगांव

### वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

आपके माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-शशि कुमार सिंह, वनमण्डलाधिकारी जशपुर

## दोकड़ा में शाला प्रवेश उत्सव के साथ सरस्वती सायकल योजना व निःशुल्क पुस्तक वितरण

**जशपुरनगर।** दोकड़ा के शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोकड़ा में शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा पहली में नवप्रवेशित 80 विद्यार्थियों तथा कक्षा 9वीं के 93 विद्यार्थियों को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित किए गए। इसके साथ ही कुल 140 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव की विधायक व सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय उपस्थित रहीं।उनके साथ जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर पुरूषोत्तम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, महामंत्री उपेन्द्रनाथ साय, गुलाब सिंह, सत्यनारायण ,प्राचार्य सलमोन तिर्की आदि उपस्थित थे।



नि:शुल्क पुस्तक पाकर खुश हुए नौ- निहाल।

### राज्य सरकार का उद्देश्य शिक्षा को घर-घर तक पहुंचना

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सायकल और किताबें विद्यार्थियों के लिए एक नई ऊर्जा का कार्य करेंगी, जिससे वे आगे बढ़कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## ट्रेडर्स कर रहे फोर्टिफाइड चावल की कालाबाजारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सप्लाई की जाने वाली फोर्टिफाइड राइस के अवैध रूप से भंडारण के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर में शासकीय चावल की कालाबाजारी करने के मामले में ट्रेडर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है की 14 जुलाई को एसडीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने खरसिया चौक स्थित अरुण ट्रेडर्स का निरीक्षण किया था। इस दौरान अरुण ट्रेडर्स के बाहर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 0189 में 220 बोरी चावल लोड था। जांच में यह बात सामने आई कि ट्रक में 110 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल मौजूद था जिसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किया जाता है।

## सेवानिवृत्त और स्थानांतरित कर्मचारियों से आवास खाली कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट समाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय आवास आवंटन की भौतिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आवासों का भौतिक सत्यापन कर सेवानिवृत्त और स्थानांतरण हो चुके कर्मचारियों से आवास खाली कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बैठक में आधार एवं मोबाइल नम्बर अद्यतनीकरण, किसान किताब प्रविष्टि की स्थिति, अविवादित नामांतरण, नक्शा अद्यतनीकरण, फौती नामांतरण, अविवादित नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, ई नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्ती के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी कार्यों को समयानुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक मे राजस्व न्यायालयीन मामलों में प्रगति के लिए सभी एसडीएम को अपने अधीनस्थ राजस्व न्यायलयों को अवलोकन करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसडीएम श्री ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा एवं हरिओम द्विवेदी मौजूद रहे। बैठक से अन्य विकासखंडों के एसडीएम वर्चुअली तौर पर जुड़े थे।

■ शासकीय आवास आवंटन की ली जानकारी



बैठक में राजस्व प्रकरणों का समीक्षा करते कलेक्टर।

## अघोरेश्वर भगवान राम प्राकृतिक चिकित्सा परिसर का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** अघोरपीठ वामदेव नगर गम्हरिया में बनी अघोरेश्वर भगवान राम प्राकृतिक चिकित्सा परिसर का बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी द्वारा उद्घाटन किया गया। परिसर का उद्घाटन प्रातः परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के चित्र पर विधिवत पूजन आरती पश्चात नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर नस-नाड़ी रोग चिकित्सा हेतु वैद्य चन्द्रगुप्त साहू को आमत्रिंत किया गया था। परिसर के उद्घाटन पश्चात वैद्य साहू द्वारा रोगियो की चिकित्सा प्रारंभ की गयी। मुख्य रूप से लकवा, दर्द,साइटिका आदि दर्द से जूझ रहे रोगियों की चिकित्सा की जा रही है। अभी पूर्व से पंजीकृत रोगियों की चिकित्सा की जा रही है। अभी प्रतिदिन पंजीकृत मरीजों का प्रातः से रात्रि तक इलाज किया जा रहा है। शनिवार दोपहर तक प्रतिदिन जारी रहेगा। ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति माह इस शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिन रोगियों को अपना इलाज कराना है वे गम्हरिया आश्रम में आकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। भविष्य में इस परिसर में अन्य रोगों की भी प्राकृतिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध की जायेगी।

■ रोगियों का उपचार प्रारम्भ



प्राकृतिक चिकित्सा परिसर का शुभारंभ करते गुरुपद संभव राम।

## मुख्यमंत्री साय ने दी जिले को 41 करोड़ 81 लाख की सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत जिले को बड़ी सौगात मिली है। जिले के 12 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए कुल 41 करोड़ 81 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़कों के निर्माण से ग्रामीण संपर्क मार्ग सुदृढ़ होंगे और आवागमन सुगम बनेगा।

जिले के 12 मार्ग के निर्माण के लिए 41 करोड़ 81 लाख रुपए की स्वीकृति मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत जिले के मसरी घाट से झरन मार्ग 1 करोड़ 33 लाख 44 हजार,साहीलता से पुराइनबंध पहुंच मार्ग 2 करोड़ 89 लाख 98 हजार,अटल चौक घुमरा से ओडिशा सीमांत किलकिला मार्ग 2 करोड़ 1 लाख 97 हजार, मुख्य मार्ग कुंजारा बोराटोंगरी से डोंगाअम्बा पहुंच मार्ग 2 करोड़ 74 लाख 97 हजार,एनएच-43 मुख्य मार्ग से बोडाटोंगरी पहुंच मार्ग 1 करोड़ 18 लाख 48 हजार,जामपानी से बरपानी पहुंच मार्ग 3 करोड़ 21 लाख 93 हजार,मकरीबंधा से भलमंडा (झारखंड सीमा) मार्ग 3 करोड़ 46 लाख 78 हजार,कड़ेलकछार से जुनाडीह मोहल्ला तक का मार्ग 1 करोड़ 69 लाख 17 हजार,पोटकोसेमर सजापानी केंदपानी से कार्रदंड दुलदुला पहुंच मार्ग 5 करोड़ 83 लाख 81 हजार, लोरोदफा से गढ़ारामबंद होते हुए जामपानी तक का मार्ग 5 करोड़ 48 लाख 48 हजार,छेरडांड से टुकुटोली पहुंच मार्ग 5 करोड़ 48 लाख 2 हजार,ठूठीअंबा से कादोपानी (झारखंड सीमा) तक पहुंच मार्ग 5 करोड़ 95 लाख 62 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।इन सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि किसान, व्यापारी, छात्र और आम नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। यह स्वीकृति प्रदेश सरकार की ग्रामोन्मुखी विकास नीति का प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिलने पर लोगों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार जताया है।

■ 12 सड़कों के निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

## पांच दिनों के अंधेरे के बाद करबला रोड पर लौटी रोशनी



**जशपुरनगर।** बिरसा मुंडा चौक से करबला तक की सड़क पर बीते पांच दिनों से पसरा अंधेरा अब इतिहास बन गया है। "करबला रोड पांच दिनों से अंधेरे में" शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर प्रशासन हरकत में आया और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देते हुए तत्काल शुरू करवा दिया। स्थानीय निवासी प्रदीप तिग्गा सहित कई नागरिकों ने नगर पालिका व संबंधित वार्ड पार्षद के इस त्वरित और सकारात्मक कदम की सराहना की है। अब इस मार्ग पर फिर से रोशनी लौट आई है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। अंधेरे के कारण जहां राहगीरों व वाहन चालकों को असुरक्षा की चिंता थी, वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई थी। लेकिन अब मार्ग जगमगाने से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि लोगों में सुरक्षा की भावना भी लौट आई है। नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी नगर पालिका इस तरह जनहित के मामलों में तत्परता दिखाते हुए समस्याओं का समाधान करेगी।

## पीएम जनमन योजना के कार्यों को प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने ली जनपद पंचायत सीईओ की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टेरोट समाकक्ष में जनपद पंचायत सीईओ एवं एनआरएलएम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे।

■ ग्राम उत्कर्ष योजना के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत संचालित विकास कार्यों को प्रमुखता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आदर्श ग्राम निर्माण पर जोर देते हुए कहा की इन ग्रामों में पहुंच मार्ग, जरूरी अधोसंरचना निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएं, आंगनबाड़ी केंद्र सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री जनमन योजनाअंतर्गत बहुउद्देशीय केंद्रों के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण सचिवालय के नोडल अधिकारियों को स्कूलों को सतत रूप से निरीक्षण कर शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों की साफ-सफाई, शाला भवन की स्थिति एवं स्कूल पहुंच मार्ग की जानकारी लेने एवं इसमें आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओं को साप्ताहिक बैठक लेकर प्राप्त सभी आवेदनों को समयबद्ध निराकरण करने को कहा। मनरेगा की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने तथा श्रमिकों को समय-सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत किए जा रहे कार्यों को सतत रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को उनके विभाग अंतर्गत किए जा रहे प्रत्येक निर्माण कार्यो को समीक्षा करने के निर्देश दिए और कहा कि अगर भुगतान में कोई विसंगति पाई जाती है तो उस पर सख्त कार्रवाई करें।



जनपद पंचायतों के सीईओ की बैठक लेते कलेक्टर।

## किसानों को मिला खाद



कोतबा सोसायटी से खाद ले जाते किसान।

**कोतबा।** सोसायटी में हप्ते भर से नही दिया जा रहा खाद, रोजाना ,डीएपी यूरिया लिए बगैर बैरंग लौट रहे क्षेत्र भर के किसान के शीर्षक से हरिभूमि ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसका असर देखने को मिला मंगलवार को प्रबंधक गोविंद यादव ने किसानों की समस्याओं का निराकरण करते हुए खाद का वितरण किया साथ ही नैनो यूरिया व डीएपी ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ नैनो, यूरिया व डीएपी का किया गया वितरण


सोसायटी में सप्ताह भर से नहीं मिल रहा खाद

खाद के लिए कोतबा सोसायटी पहुंचे किसान।

कोतबा। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के जिले में सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाले अन्नदाता किसानों को खाद के लिए बीते एक हप्ते से सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोतबा में बीते एक हप्ते से किसानों को खाद नहीं मिल

जल्द खाद वितरण कराया जाएगा

29 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर।

## खबर संक्षेप

### बेयर हाऊस गोदाम में नौकरी और सड़क चौड़ीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पंडोनगर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बेयर हाउस के गोदाम में नौकरी और सड़क चौड़ीकरण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि पंडोनगर जहां 95 प्रतिशत आबादी पण्डो समाज की है। वहां बेयर हाऊस का गोदाम संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि गोदाम स्थापना से पहले यह जमीन उनके पास थी लेकिन पट्टा न होने के कारण प्रशासनिक दबाव में नौकरी देने का आश्वासन देकर उनकी जमीन खाली कराई गई। इसके बावजूद पण्डो समाज के किसी भी व्यक्ति को गोदाम में रोजगार नहीं मिला, जबकि बाहरी लोगों को वहां काम पर रखा गया है। साथ ही पंडो नगर और पहाड़गांव में स्थित दो बेयर हाऊस गोदामों के बीच सड़क की स्थिति जर्जर है। सिंगल रोड होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का चौड़ीकरण तत्काल किया जाए ताकि आवागमन सुगम हो और हादसों पर अंकुश लगे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो पण्डो समाज बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस ने छात्रों को दी यातायात एवं साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी



**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ अंचल मोहरसोप स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चौकी मोहरसोप एवं चौकी लटोरी पुलिस द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल गंगापुर में छात्रों को न सिर्फ साइबर क्राईम, यातायात नियमों को समझाया, बल्कि वर्तमान दौर में साइबर ठग कैसे किसी व्यक्ति को अपने चंगुल में फंसा लेते है उसका डेमो देकर छात्रों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी राजेश जोशी ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की गंभीरता समझाते हुए कहा कि बच्चे अपने परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करते है। साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग क्यों जरूरी है उसके बारे में विस्तार से बताया। चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में प्रकाश डाला। चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता ने साइबर अपराध के बारे में बताते हुए छात्रों को सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने और अजनबियों से दोस्ती करने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### घर पर गिरा विशाल इमली पेड़, बाल-बाल बचे लोग



**रजपुरीकला।** ग्राम पंचायत पुहपुटरा में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब बारिश के दौरान एक घर पर विशाल इमली का पेड़ गिर गया। ग्राम पंचायत पुहपुटरा वार्ड क्रमांक 19 निवासी सुरेश पैकरा आ. स्व. लिवर साय शनिवार की सुबह परिवार के साथ घर में था। इसी दौरान सुबह 8 से 9 बजे के बीच हुई मूसलाधार बारिश के दौरान सुरेश पैकरा के कच्चे मकान पर एक विशाल इमली का पेड़ गिर गया। जिस समय पेड़ घर पर गिरा उस समय सुरेश पैकरा के अलावा परिवार के हीरामणि (28 वर्ष), ललिता (25 वर्ष), चरित्र मनी (22 वर्ष), सविता (20 वर्ष) सभी घर में मौजूद थे। घर के जिस हिस्से में पेड़ गिरा उस हिस्से के बजाए दूसरे हिस्से के कमरे में घर के लोग थे जिससे बाल-बाल बच गए। परिजन ने गांव के लोगों की मदद से तत्काल घटनास्थल से मलबा हटाया जिससे ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी जनहानि टल गई। इधर घटना की जानकारी पर पटवारी मौके पर पहुंचे पंचनामा तैयार किया। पंचनामा रिपोर्ट तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय में जमा कर दिया गया है और प्रभावित परिवार को सहायता दिलवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## अन्य ग्रामीण सड़कें भी हुई बदहाल

# भारी बारिश के बाद दलदल में तब्दील हुई सरईडीह-दुंदु सड़क, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण ग्रामीण सड़कों की हालत बदतर हो गई है। ग्राम सरईडीह-डूमरडीह की सड़क ओवरलोड ट्रकों के चलने से पूरी तरह उखड़ गई है तथा सरईडीह-दुंदु के बीच सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे एवं दलदल बनने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। यही हाल कुदर-कोरवापारा सड़क का है। जगह-जगह जलजमाव होने के कारण गांव की कच्ची सड़क बेहद खतरनाक हो गई है।

**खास बात**

- गड्ढों एवं दलदल में फंसकर बाइक सवार हो रहे घायल

लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन साल पूर्व सरईडीह से डूमरडीह तक सड़क का निर्माण किया गया था। हाल-हाल तक सड़क से लोग सुचारू तरीके से आवागमन कर रहे थे। कहीं सड़क के उखड़ने एवं गड्ढा होने की भी शिकायतें नहीं मिली थी लेकिन लगातार बारिश होने के बाद सरईडीह से दुंदु तक की 2 किमी लम्बी सड़क बेहद खतरनाक हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है तथा पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। इसी सड़क से दूरस्थ ग्राम सपड़ान मेडिया सहित आसपास के क्षेत्र के 10 गांवों के लोग आवागमन करते हैं। इन गांवों से आवागमन का दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया सवार आए दिन दलदल में फंसकर दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। हालत यह है कि 2 किमी लम्बी जर्जर सड़क को पार करने में एक घंटे का समय लग जा रहा है तथा मामूली सी चूक होने पर लोग गिरकर घायल हो जा रहे हैं। इसी मार्ग से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी एवं शासकीय कर्मचारी सफर करते है। समय पर स्कूल – कॉलेज एवं अपने कार्यालय पहुंचने के लिए लोगों को एक घंटे पूर्व अपने घरों से निकलना पड़ रहा है। बरसात होने के कारण अभी जर्जर सड़क का निर्माण संभव नहीं है, क्षेत्रवासी जर्जर सड़क में मुरूम अथवा स्टोन डस्ट बिछाने की मांग कर रहे हैं ताकि आवागमन बाधित न हो। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि हाल-हाल तक सड़क ठीक थी। ग्राम सरईडीह में सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ठेकेदार द्वारा भारी मात्रा में गिट्टी का संग्रहण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा हाइवा से ओवरलोड गिट्टी परिवहन कराने से सरईडीह-दुदुं के बीच की सड़क देखते ही देखते दबने लगी तथा बारिश के दौरान उखड़कर दलदल में तब्दील हो गई। बारिश होने पर पहाड़ों का पानी पहुंचने से सड़क पर पानी भर जाता है देर तक बारिश का पानी बहते रहता है। इस दौरान दोपहिया वाहनों के आवागमन से कच्ची सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। आवागमन बाधित होने पर ग्राम पंचायत द्वारा कई बार मुरूम एवं स्टोन डस्ट भरवाने की पहल की गई लेकिन कुछ ग्रामीण मुरूम भरवाने की जिद पर अड़े है जिसके कारण सड़क की हालत नहीं सुधर रही है। उप सरपंच प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए दोबारा सड़क की मरम्मत कराई जा चुकी है। हाल ही में वार्ड पंच को समतलीकरण के लिए जेसीबी एवं मुरूम परिवहन के लिए टीपर उपलब्ध कराया गया था लेकिन वार्ड पंच ने सड़क मरम्मत न कराकर मंदिर तक की सड़क की मरम्मत करा दी। पंचायत द्वारा डब्ल्यू एमएम एवं स्टोन डस्ट भरवाने एवं नाली निर्माण कराने की पहल की गई तो कुछ ग्रामीण खेतों में स्टोन डस्ट भरने का हवाला देकर मुरूम भरवाने की मांग करने लगे। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल इसी तरह की स्थिति निर्मित हो जाती है। उन्होंने बताया कि सड़क पर जीएसबी भरवाने के लिए ग्रामीणों को समझाईश दी जा रही है।



दलदल के बीच आवागमन करते बाइक सवार।

### कुदर-कोरवापारा सड़क बदहाल

लगातार बारिश होने से ग्राम कुदर से कोरवापारा तक की कच्ची सड़क बेहद खतरनाक हो गई है तथा सड़क पर जगह-जगह दलदल बनने एवं जल जमाव होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ.प्रीतम राम की पहल पर लोनिवि द्वारा ग्राम कुदर से कोरवापारा, बबौली के रास्ते धौरपुर-राजपुर मार्ग तक सीसी निर्माण का सर्वे कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया था स्वीकृति के अभाव में सड़क का निर्माण नहीं हो सका जिसके कारण कच्ची सड़क से ही ग्राम डामाकुण्डा, यादव पारा व कोरवापारा के ग्रामीण आवागमन करते है।

#### इन गांवों को समस्या

सरईडीह-दुंदु सड़क की बदहाली से ग्राम दुंदु, छेरमुण्डा, डेऊरी, कछार, डूमरडीह, ककनी, रवई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेडिया के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसान इसी मार्ग से अपने उत्पादों को अम्बिकापुर मंडी ले जाते है। समय पर मंडी में सब्जियां नहीं पहुंचने पर किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

#### चल रही मरम्मत की पहल

क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की पहल प्रारंभ कर दी गई है। सुरक्षित आवागमन के लिए बोल्डर का बेस तैयार करने के बाद जीएसबी से सड़क का समतलीकरण किया जाएगा। तीन-चार दिन में सड़क की मरम्मत पूरी कर दी जाएगी।

-प्रकाश सिन्हा, एसडीओ, लोनिवि



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी लापरवाही, नदारद रहे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो तथा समय पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके इसके मद्देनजर रामानुजनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। हैरानी की बात यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन में हो रही लापरवाही का खामियाजा अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। बीती रात प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन प्रसूता को अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल में चिकित्सक सहित नर्स नदारत मिले जिससे परिजन प्रसव पीड़ा बढ़ जाने से दाई से प्रसव कराए। हालांकि जच्चा बच्चा खतरे से बाहर है। परिजन का आरोप है कि अस्पताल में लापरवाही वाही बरत गई जिससे प्रसूता की जान भी जा सकती थी।

- अस्पताल में चिकित्सक के बजाए परिजन ने दाई से कराया प्रसव, जच्चा बच्चा स्वस्थ
- परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

रामानुज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ग्राम पंचायत बरहोल निवासी ममता यादव (26 वर्ष) को शनिवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुज नगर लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और मात्र एक नर्स ड्यूटी पर थी, जिसने सहायता करने से साफ मना कर दिया। इधर नर्स ने प्रसूता की हालत को देख परिजन से कहा कि डॉक्टर आएंगे तो कुछ होगा, मेरे बस की बात नहीं है। इस दौरान ममता यादव दर्द से तड़पती रही। मजबूरीवश परिजन ने गांव की एक दाई से प्रसव कराया। गनीमत रही कि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। घटना की सूचना परिजन ने तत्काल पूर्व जनपद सदस्य अभय गुप्ता को दी। अभय गुप्ता ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रामानुजनगर के एसडीएम अजय मोडीयम को जानकारी दी। इसके बाद बीएमओ को निर्देशित किया गया और डॉक्टर की व्यवस्था की गई, लेकिन तब तक प्रसूता का प्रसव हो गया था। उसी रात एक और मामला सामने आया जहां पुष्पा साहू (26 वर्ष) को भी प्रसव पीड़ा अधिक होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां उसकी भी डिलीवरी बिना डॉक्टर के कराई गई। सौभाग्य से पुष्पा और नवजात दोनों स्वस्थ हैं, लेकिन यह घटना भी लापरवाही की पुष्टि करती है।

#### किया गया है नोटिस जारी

अस्पताल के स्टाफ द्वारा लापरवाही बरती गई है। संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना दोहराई नहीं जाएगी।

-डॉ. प्रियंका शर्मा, बीएमओ

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को पोषण कार्यक्रमों में सुधार लाने, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में गंभीर कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी, आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली तथा प्री-स्कूल शिक्षा की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को फील्ड निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। समय पर न खुलने वाले केंद्रों की जानकारी लेकर संबंधित सुपरवाइजरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि पोषण और बाल विकास कार्यों में गति लाई जा सके। सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने बालिकाओं के लिए समय पर खाता खोलने और अभिभावकों को जागरूक करने तथा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


## बारिश के तेज बहाव में एक दर्जन से अधिक किसानों की 20 एकड़ की फसल तबाह

**अम्बिकापुर।** चार दिनों पूर्व मैनपाट में हुई भारी बारिश के दौरान तेज बहाव में पहाड़ की मिट्टी कटकर धान के खेतों में भर गई है। मिट्टी कटाव से ग्राम समनिया एवं सिकरिया के एक दर्जन से अधिक किसानों की धान की फसल तबाह हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के तेज बहाव में पहाड़ की मिट्टी कटकर खेतों में भरने लगी तथा मिट्टी के नीचे धान की फसल दबकर दूरी तरह नष्ट हो गई है। ग्रामीण मिट्टी कटाव होने से एक दर्जन से अधिक किसानों की फसल तबाह होने की बात कह रहे है। गांव के प्रेमसाय आ.जुगू, अजीत आ.खोडे, राजनुस आ.बोले, कसिया आ.जगा, संजू आ.नंदुवा, फिलिस आ.बोधा, बबिल आ.जग्गू सहित अन्य किसानों की फसल तबाह हो गई है। प्रभावित ग्रामीणों ने शासन से मुआवजा देने की मांग की है।

## वन भूमि की फर्जी तरीके से बिक्री, एसडीएम ने की एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा

**अंबिकापुर।** कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वन भूमि की रजिस्ट्री कराने के मामले में एसडीएम ने जांच उपरान्त प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा की है। वन भूमि का फर्जीवाड़ा खुद वन विभाग के पूर्व एसडीओ ने किया था। एसडीएम ने यह कार्रवाई अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी की शिकायत के बाद की है। उन्होंने बताया कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम भकुरमा में 24 एकड़ शासकीय वन भूमी मौजूद है जिसका खसरा नंबर 713/2, 714, 715 एवं 716 रकबा 1.450, 0.801, 1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर शासकीय वन भूमि है। वहीं भूमि खसरा नंबर 26/7 रकबा 2.671 हेक्टेयर एवं 26/5 रकबा 2.671 हेक्टेयर सेटलमेंट में बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है। इनमें से खसरा नम्बर 713/2, 714, 715 एवं 716 रकबा 1.450, 0.801, 1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर को राजकुमारी पति राम नारायण द्वारा अजीत कुमार यादव आ. गोपाल राम क्रेता बौरीपारा निवासी अभिषेक मिश्रा आ. सुरेश नाथ मिश्रा को बेच दिया गया जबकि खसरा नंबर 26/ 7 एवं 26/5 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीना मिश्रा, सुरेश नाथ मिश्रा, अभिषेक मिश्रा द्वारा विक्रय पत्र लिखवाया गया। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई जिसके बाद कलेक्टर ने जांच के निर्देश उदयपुर एसडीएम को दिए थे। एसडीएम द्वारा जांच उपरान्त प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया है जिसमें यह स्पष्ट हुआ है कि उक्त भूमि फॉरेस्ट के सीपीटी गड्ढे से व मुनारा से लगा हुआ है तथा भूमि पर 295 नग वृक्ष पाए गए हैं जिसका उल्लेख विक्रय पत्र में नहीं किया गया। इस लापरवाही से शासन को आर्थिक क्षति हुई है। उक्त जांच के आधार पर शासकीय भूमि का विक्रय अभिलेखों में कूट रचना करने के मामले में तत्कालीन हल्का पटवारी ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर नीरज वर्मा, विक्रेता राजकुमारी पति नारायण , अजीत कुमार यादव आ. गोपाल राम यादव, क्रेता अभिषेक मिश्रा, सुरेशनाथ मिश्रा व मीरा मिश्रा के विरुद्ध सम्यक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा कर प्रकरण कलेक्टर को भेजा गया है। अब इस मामले में कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## बसकर में बदहाल रास्ता, स्कूल जाना हुआ मुश्किल



**भैयाथान।** ग्राम पंचायत बसकर के नागमुड़ा क्षेत्र में स्टेट हाईवे क्रमांक 12 की मुख्य सड़क से साहूपारा तक जाने वाला एकमात्र मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह रास्ता तालाब की मेड़ से होकर गुजरता है, जो बारिश के चलते कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर लगभग चार परिवारों का आवागमन निर्भर है, जिनमें छोटे बच्चे, विद्यार्थी बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं।

- प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

बसकर साहूपारा के ग्रामीण लगभग 75 वर्षों से निवासरत हैं लेकिन बारिश के दिनों में आवागमन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। बच्चों के स्कूल जाने की राह मुश्किल हो गई है वहीं बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन गया है। मार्ग पर कुछ ग्रामीणों की निजी भूमि होने के कारण रास्ता नहीं बन पा रहा है। गांव के परमेश्वर साहू ने बताया कि बारिश में पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता है जिससे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग फिसल जाते हैं। यह स्थिति अब सिर्फ स्थानीय समस्या नहीं बल्कि मानवाधिकार और बच्चों के शिक्षा के अधिकार का भी उल्लंघन बनती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने आवेदन देकर इस समस्या को उठाया था लेकिन रास्ता निजी भूमि पर होने के कारण स्थायी निर्माण नहीं हो सका। भूमि मालिक की अनुमति के अभाव में पंचायत और प्रशासन दोनों ही रास्ता बनवाने में असमर्थ है। इस संबंध में सरपंच सुरेश सिंह ने बताया कि मार्ग निजी भूमि पर है। हालांकि रास्ता वर्षों से उपयोग में है। ग्राम सभा व प्रशासन की अनुशंसा से इसे सार्वजनिक उपयोग हेतु दर्ज किया जा सकता है। पंचायत समन्वय की भूमिका निभाएगी ताकि किसी की संपत्ति का नुकसान न हो और नागरिकों को सुविधा भी मिल सके।

## जर्जर पुल से प्रभावित 90 स्कूली बच्चों के लिए राजापुर में खोला गया अस्थाई स्कूल



**बिश्रामपुर।** ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल के लगातार बारिश की वजह से जर्जर स्थिति होने उपरांत आज सोमवार से राजापुर गांव में ही शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का अध्यापन कार्य का शुभारम्भ कर दिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पर पीएमजीएसवाई अंतर्गत सड़क व पुल निर्माण कार्य करीब 22 वर्ष पूर्व कराया गया था,लेकिन पांच-छह दिन पूर्व लगातार बारिश की वजह से पुल में गहरी दरारें और दो पिल्लरों में क्रैक के साथ बीच की नींव धंस गई है, जिससे प्रशासन द्वारा तत्काल उक्त मार्ग पर आवागमन को बंद करा दिया गया है।ऐसी स्थिति में राजापुर गांव से हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाशपुर पढ़ने जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो गई है।इसी तारतम्य में सोमवार को सुरजपुर बीईओ सुनील कुमार पोर्ते की उपस्थिति में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाशपुर में पढ़ने वाले राजापुर गांव के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के करीब 90 बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत राजापुर मिडिल स्कूल व पंचायत भवन के खाली पड़े कमरों में बैठाने की व्यवस्था कर शैक्षणिक कार्य शुरू करा दिया गया है।बताया गया है कि यहां पर फिलहाल चार शिक्षकों को भेजा गया है।ऐसी स्थिति में विषयवार शिक्षकों के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही सुरजपुर बीईओ सुनील कुमार पोर्ते द्वारा पीएमश्री राजापुर स्कूल का भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया।ज्ञात हो कि बेलसोता नाला के पुल की जर्जर स्थिति के खतरे को भाँपते हुए प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ बांस व पेड़ की झाड़ियों की आड़ लगवाकर आवागमन बंद करा दिया गया है।इसके बावजूद कुछ जिद्दी ग्रामीणों द्वारा मनमाने तरीके से उक्त जर्जर पुल पर आवागमन किया जा रहा है।ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी जनहानी हो जाने का खतरा बना हुआ है।

- सूरजपुर बीईओ ने मौके का जायजा लेकर 4 शिक्षकों की नियुक्ति की है

# सत्य सांई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगरवासियों ने किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारतवर्ष में आध्यात्मिक चेतना के तहत प्रशांति निलयम,आंध्र प्रदेश से पांच दिशाओं में निकली श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी दिव्य रथ यात्रा ने उत्तर भारत की ओर बढ़ते हुए सूरजपुर, बैकुंठपुर होते हुए शनिवार को कुम्दा कालोनी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कुम्दा कालोनी पहुंचते ही साईं भजन मंडली के सदस्यों ने भव्य स्वागत करते हुए मंत्रोच्चारण और आरती के साथ रथ का अभिनंदन किया। दिव्यता से परिपूर्ण यह रथ यात्रा न केवल भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक मिलन का अवसर बना, बल्कि नगरवासियों के लिए भी भक्ति, प्रेम और सेवा से जुड़ने की प्रेरणा बन गया।

- जगह-जगह हुआ स्वागत



रथ आगमन के अगले दिन 27 जुलाई की सुबह 5 बजे से 21 बार ओंकारम, सुप्रभातम एवं प्रभात फेरी का आयोजन हुआ।रथ के समक्ष भजन,आरती और ध्यान का समर्पित माहौल रहा। दोपहर 3 बजे नगर के साईं धाम से पूजा-अर्चना पश्चात रथ को नगर में शोभायात्रा के रूप में निकाला गया।यात्रा का गायत्री मंदिर के पास गायत्री शक्तिपीठ के सदस्यों ने मंत्रोचारण,आरती और पुष्प वर्षा के साथ रथ का स्वागत किया।रथ यात्रा माईनस कॉलोनी,मुख्य मार्केट में हनुमान मंदिर के पास,अय्यप्पा मंदिर व जगन्नाथ मंदिर में समिति द्वारा रथ का स्वागत आतिशबाजी और आरती के साथ किया गया।रात्रि में रथ साईं मंदिर पहुंचा, जहां पुष्प वर्षा और भजन-आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। साईं भक्तों ने घरों में निर्मित 56 भोग मंत्रों के साथ साईं बाबा को अर्पित किया गया।28 जुलाई को दिव्य रथ ने तेलईकछार एवं सपकरा में भ्रमण किया।29 जुलाई को अंबिकापुर और 30 जुलाई को वाड्रफनगर होते हुए उत्तर प्रदेश प्रस्थान करेगी।इस रथ यात्रा में अब तक 200 से अधिक साईं भक्त नियमित रूप से सहभागी रहे हैं।

### श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का आगमन

**अम्बिकापुर।** श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के शताब्दी वर्ष में सत्य साई सेवा संगठन द्वारा सत्य साई प्रेमरथ का देशभर में भ्रमण कराया जा रहा है। वर्तमान में रथ छत्तीसगढ़ में है, यह शहर में पहुंचेगा। सर्वधर्म समभाव से प्रेरित रथयात्री मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए शहर में भ्रमण करेगी। रथ के आगमन की तैयारियों में सत्य साई सेवा समिति के सदस्य लगे है। रथ सूरजपुर से वनवासी कल्याण आश्रम पहुंचेगा जहां सहस्त्र दीपों से आरती उतारकर स्वागत किया जाएगा। रथ शहर के अम्बेडकर चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, स्कूल रोड, बंगाली चौक, प्रतापपुर चौक, रेडियो स्टेशन चौक, नवापारा का भ्रमण करते हुए गांधी नगर साईं मंदिर पहुंचेगा जहां आरती एवं भजन-पूजन पश्चात साईं बाबा कॉलेज में रात्रि विश्राम उपरांत दूसरे दिन सुबह वाड्रफनगर के लिए प्रस्थान करेगा।





# अमिताभ ने शेयर की फिल्म शोले की पुरानी टिकट

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया पर अक्सर दिलचस्प बातें शेयर करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक फिल्म की टिकट का फोटो शेयर किया है। यह टिकट उन्ही की फिल्म शोले का है। इसकी कीमत 20 रुपए है। अमिताभ ने सोमवार सुबह अपने निजी ब्लॉग पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें से एक में टिकट भी था। अभिनेता ने बताया कि आज एक पेय की कीमत उतनी ही है, जितनी पहले टिकटों की होती थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा शोले का टिकट संभाल कर रखा गया है। इसकी कीमत 20 रुपए है। मुझे बताया गया है कि आजकल सिनेमाघरों में एक ड्रिंक की कीमत यही है।

## लाइफ Style



# मेधा

## बॉर्डर 2 में बनेंगी वरुण धवन की प्रेमिका

फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबको चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, 'हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।' बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, 'फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे, यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंलगुरु में हुई है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्टेज शो में अचानक उतर गई स्कर्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज ने 25 जुलाई को पोलैंड के वारसॉ में अपना कॉन्सर्ट कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। जेनिफर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जेनिफर स्टेज पर अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे रही थीं। इस दौरान सिंगर ने एक गोल्डन कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहली थी, जो अचानक ही स्टेज पर सबके सामने ढीली होकर नीचे गिर गई। इससे वो काफी घबरा जाती हैं, लेकिन जेनिफर ने वार्डरोब मालफंक्शन को बहुत ही अच्छे से हैंडल किया।



# सैयारा के टाइटल ट्रैक ने जस्टिन बीबर को पछाड़ा

**मुंबई।** आईएमडीबी की टॉप 10 सिलेब्रिटीज़ में मोहित सूरी के साथ-साथ 'सैयारा' के कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा ने भी टॉप पर जगह बना ली है। हॉलीवुड गानों की और यहां भी सैयारा ने ही बाजी मार ली है। अहान और अनीत की ये फिल्म दुनिया भर में तहलका मचाए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सैयारा ने जस्टिन बीबर, बिली इलिश, ब्लैकपिंक और ब्रूनो मार्स जैसे सितारों को भी पछाड़ दिया है। सैयारा की सफलता का सिलसिला अभी थमता नहीं दिख रहा। फहीम अब्दुल्ला द्वारा गाए और हिटमेकर तनिष्क बागची के लिखे इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने न केवल भारतीय रेडियो पर धूम मचाई है, बल्कि दुनिया भर के ऑडियंस का दिल भी जीत लिया है। सैयारा का टाइटल ट्रैक ऑफिशियली स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल 50 चार्ट में टॉप पर पहुंचने वाला पहला भारतीय सॉन्ग बन गया है।



# देवदास देख लिया अभिनेत्री बनने का फैसला

**नई दिल्ली।** एली अवराम उन चुनिंदा एक्ट्रेसेज में से हैं जो बाहर से भारत आईं और यहां अपने दम पर पहचान बनाई। उनकी खूबसूरती, डांस और मासूमियत ने लोगों को खूब पसंद आया। फिल्म किस किसको प्यार करूं और रियलिटी शो बिग बॉस से उन्होंने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई। एली का जन्म 29 जुलाई 1990 को स्वीडन के स्टॉकहोम में हुआ था। वो स्वीडिश-ग्रीक मूल की हैं। बचपन से ही उन्हें डांस और एक्टिंग का शौक था। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि जब वो सिर्फ 14 साल की थीं, तब उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म देवदास देखी थी। उसी दिन उन्होंने सोच लिया था कि उन्हें बॉलीवुड में काम करना है। एली अवराम टूरिस्ट वीजा लेकर बॉलीवुड में यानी मुंबई में आई थीं। यहां उन्होंने हिंदी बोलना सीखा, ऑडिशन दिए और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में जगह बना ली।




# वॉर-2 की रिलीज से पहले हो गई बंपर कमाई

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म वॉर 2 को लेकर बॉलीवुड में काफी क्रेज है। कहा जा रहा है कि 400 करोड़ में बनने वाली ये फिल्म 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने जा रही है। एक तरफ जहां वॉर 2 ने रिलीज से पहले ही लोगों में इसे देखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है वहीं, फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही मेकर्स की लॉटरी निकाल दी है। दरअसल, वॉर 2 के तेलुगु वर्जन को मेकर्स ने 90 करोड़ रुपए में बेचने में कामयाबी हासिल की है। कहा जा रहा है कि टॉलीवुड के मशहूर फिल्म मेकर नागा वामसी ने वॉर 2 के तेलुगु वर्जन के राइट्स 90 करोड़ में खरीद लिए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा फायदा जूनियर एनटीआर को होता दिख रहा है, क्योंकि अगर फिल्म हिट होती है तो जूनियर एनटीआर नागा वामसी के साथ हैट्रिक लगाते दिखेंगे।

## टीवी मसाला



# 1000 एपिसोड पार करने वाला पहला शो था 'एक महल हो सपनों का'

**नई दिल्ली।** एक वक्त ऐसा था, जब लोग टीवी से चिपके रहते थे। उस पर आने वाले सभी धारावाहिकों को चाव से देखते थे। वह उन सीरियल में इतना घुल जाते थे कि उस कहानी को सच मान बैठते थे। उसके साथ ही हंसते थे और उसके साथ ही रो पड़ते थे। एक धारावाहिक कई सालों तक चलते थे, जिनसे ऊब भी नहीं होती थी। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे डेली सोप ने टीवी की दुनिया में लंबे समय अपनी धाक जमाए रखी। लेकिन इसके पहले भी एक शो आया था, जिसने इसे टक्कर दी थी। और 1000 एपिसोड पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया था। उसने इतिहास रचा था। हम बात कर रहे हैं सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर आने वाले शो 'एक महल हो सपनों का' की। यह शो अपने समय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला भारतीय टीवी धारावाहिक माना जाता था। ये 25 जनवरी, 1999 को शुरू हुआ था और 29 नवंबर, 2002 को ऑफ एयर हुआ था। यह कुल 2 साल और 10 महीने तक चला था। 'एक महल हो सपनों का' शो हिट गुजराती सीरीज 'सपना ना ववेतार' का हिंदी रीमेक था, जो 1996 से 1997 तक डीडी गुजराती पर आता था। हिंदी वाला धारावाहिक, उससे ज्यादा समय तक टीवी पर प्रसारित हुआ था। शो के डायरेक्टर विपुल शाह ने 'दैनिक भास्कर' को बताया था कि दर्शक शो के सभी किरदारों से बहुत ज्यादा कनेक्टेड हो गए थे। 'क्रेज इतना ज़्यादा था कि लोग सिर्फ़ इस शो को देखने के लिए अपनी दुकानें बंद कर देते थे।'

## कपिल शर्मा के शो पर परिणीति के साथ बिना जूतों के पहुंचे राघव

**नई दिल्ली।** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इस बार कपिल शर्मा के मेहमान बने हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड के प्रोमो वायरल हैं। इसमें राघव और कपिल की टीम के बीच मजेदार बातचीत दिख



रही है। शो में राघव नंगे पैर पहुंचते हैं इस पर कपिल उनके मजे लेने की कोशिश करते हैं। इस पर राघव ने बताया कि वह शो पर आ रहे थे तो स्टेज के पीछे उनके जूते चोरी हो गए। कुछ देर में जूते चुराने वाले भी वहां पहुंच गए। कपिल शर्मा के शो पर पॉलिटीशियन राघव चड्ढा पहुंचे तो उनके पैरों में जूते नहीं थे। कपिल ने उनसे मजाक में कहा कि क्या राघव ने मन्नत मांगी थी कि परिणीति से शादी हो जाएगी तो कपिल के शो पर नंगे पैर जाएंगे। इस पर राघव ने बताया कि उनके जीते स्टेज के पीछे चोरी हो गए। इसके बाद कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक जूते लेकर आ जाते हैं और राघव को जीजू बोलकर उनसे पैसों की डिमांड करते हैं।



# पौराणिक एक्शन फिल्म महावतार नरसिम्हा ने मचाई धूम ...

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर सैयारा के तूफानी प्रदर्शन के बीच 25 जुलाई को सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई, जिसने दर्शकों के दिलों में सीधे जगह बना ली और उस फिल्म का नाम है 'महावतार नरसिंह'। यह फिल्म पिछले तीन दिनों से लगातार हाउसफुल चल रही है। सैयारा को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। महज 35-40 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 372.71 करोड़ की कमाई कर तहलका मचा दिया है। वहीं, सैयारा के बाद 25 जुलाई को रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिंह' ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। पहले दिन से लेकर अब तक यह फिल्म सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। इस फिल्म को देखने लोग अपने पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर पहुंच रहे हैं। पहले दिन जहां इस फिल्म की कुल कमाई 1.35 करोड़ हुई थी, वहीं दूसरे दिन 3.25 करोड़ और फिर दिन यानी रविवार को इसकी कमाई लगभग 6.50 करोड़ रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हिंदी में 'महावतार नरसिम्हा' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.35 करोड़ रुपए हो गया है। 'महावतार नरसिम्हा' एक महाकाव्य पौराणिक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन अश्विन कुमार ने अपने निर्देशन में किया है। यह फिल्म जयपूर्ण दास द्वारा लिखित और क्लेम प्रोडक्शंस व होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म राक्षस हिरण्यकश्यप पर केंद्रित है, जो भगवान विष्णु से बदला लेना चाहता है और स्वयं को भगवान घोषित करता है। उसका पुत्र, प्रह्लाद, विष्णु का भक्त है। राक्षस को हराने और संतुलन बहाल करने के लिए विष्णु नरसिंह के रूप में प्रकट होते हैं।

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया : सनी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने सोमवार सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।' सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, मेरा असली हीरो, एक फैन ने लिखा, सनी पाजी जय श्री राम, एक फैन ने लिखा, वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं, एक फैन ने लिखा, ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू, एक फैन ने लिखा, गुरु से बड़ा ना कोई होए, एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगासनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, और वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।

## ये फिल्में न केवल मनोरंजक हैं, बल्कि सोचने पर भी करती हैं मजबूर

# ओटीटी पर हिंदी में देखिए दिमाग को झकझोर देने वाली ये तमिल फिल्में

*मुंबई। ओटीटी पर अगर आपकी तलाश कुछ ऐसे एक्शन और थ्रिलर ड्रामा की है, जो दिल और दिमाग पर छा जाए, तो जरा इन 5 फिल्मों पर गौर कीजिएगा। ये तमिल सुपरस्टार की धनुष की टॉप 5 फिल्में हैं, जो ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं। वेंकटेश प्रभु कस्तूरी राजा उर्फ धनुष। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय सिनेमा में इस वक्त जितने भी सितारे हैं, धनुष उन सभी में किसी ध्रुव तारे की तरह हैं। वो, जो दिखने में भले ही 'आम' हो, लेकिन उसकी काबिलियत सबसे 'खास' है। वो, जो पर्दे पर खून-खराबा और एक्शन की बजाय, अपनी दिल छू लेने वाली एक्टिंग से मजमा लूटता है। वो, जो सफेद शर्ट और नीले पैंट में पीठ पर स्कूल बैग टांग लेता है, तो हर दिल 'कुंदन' बन जाता है। वो, जो 'शमिताभ' में गूंगा बनकर महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे देता है। धनुष, वैसे तो तमिल फिल्मों में मुख्य रूप से काम करते हैं, लेकिन उन्हें पर्दे पर देखकर हिंदी के दर्शकों का भी दिल धड़कने लगता है। धनुष ने अपने फिल्मी कॅरियर में 50 से अधिक फिल्मों में काम किया है। चार बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके हैं। इसमें दो बार एक्टर के तौर पर, तो दो बाद फिल्म निर्माता के रूप में। वह 14 बार सीमा अवॉर्ड, 8 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रतिष्ठति 'फोर्ब्स इंडिया' की 'सेलिब्रिटी 100' लिस्ट में 6 बार जगह पा चुके हैं।*

**वडा चेन्नई :** धनुष के कॅरियर की सबसे तगड़ी रेटिंग वाली फिल्म 'वडा चेन्नई' है, जो साल 2018 रिलीज हुई थी। यह एक तमिल क्राइम ड्रामा है। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर दिग्गज वेत्रिमारन हैं। 'वडा चेन्नई' का मतलब है उत्तरी चेन्नई। फिल्म में धनुष ने अंबू का किरदार निभाया है। कहानी के मुताबिक, अंबू एक जबरदस्त कैरम प्लेयर है। वह अपनी जिंदगी दोस्तों और इस खेल के साथ बड़ी सादगी से बिता रहा है। लेकिन जाने-अनजाने वह दो राइवल गैंगस्टर्स के बीच के गैंगवार में उलझ जाता है। इसके बाद कहानी में क्या होता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी।

**असुरन :** साल 2019 में रिलीज असुरन को अगर धनुष की अब तक की बेस्ट फिल्म कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। यह एक पीरियड एक्शन ड्रामा है। इस फिल्म को भी वेत्रिमारन ने ही डायरेक्ट किया है। कहानी एक उपन्यास 'वेक्कई' से ली गई है, जिसे पूमनी ने लिखा है। फिल्म में धनुष के साथ मंजू वारियर, केन करुणास और तीजय अरुणासलम मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म ने 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में दो अवॉर्ड जीते। पहला बेस्ट फीचर फिल्म का और दूसरा धनुष को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'असुरन' की कहानी एक वंचित जाति के किसान परिवार की है। इस किसान के बेटे से एक अमीर और ऊंची जाति के जमींदार की हत्या हो जाती है। फिल्म में आगे एक शांति की जिंदगी बिताने वाले किसान की अपने गुस्सैल बेटे को बचाने की जद्दोजहद है। लेकिन, मर्म, इतना ही नहीं है। यह फिल्म वर्ग संघर्ष, जाति और भेदभाव पर भी गहरी चोट करती है।

## धनुष की वो फिल्में, जिन्हें देख आलोचक भी हो गए चुप

खैर, अब जब बात धनुष की हो रही है तो उनकी उन टॉप-5 फिल्मों की भी बनती है, जिसे सबसे अधिक प्यार मिला। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर उनकी 50 से अधिक फिल्मों की लिस्ट में सबसे तगड़ी रेटिंग मिली है। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें देखकर दर्शक तो दर्शक, फिल्म समीक्षक और आलोचक भी धनुष के मुरीद हो गए। खास बात ये है कि ये सभी 5 फिल्में ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं।



**कर्णन :** 'असुरन' की तरह ही धनुष की 'कर्णन' भी जाति संघर्ष की कहानी बयां करती है। साल 2021 में रिलीज इस तमिल एक्शन ड्रामा के डायरेक्टर मारी सेल्वराज हैं। फिल्म में धनुष के साथ राजिशा विजयन, लाल, योगी बाबू, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और नट्टी सुब्रमण्यम भी हैं। कहानी के केंद्र में कर्णन है, जो एक छोटी जाति के समुदाय से ताल्लुक रखता है। हालात, कुछ ऐसे बनते हैं कि पुलिस कर्णन के समुदाय पर बर्बरता की हद तक जुल्म ढाती है। कर्णन अपने लोगों के अधिकार के लिए खड़ा होता है और न्याय की लड़ाई लड़ता है।

***पुधुपेट्टई** : आईएमडीबी पर 'पुधुपेट्टई' धनुष की तीसरी फिल्म है, जिसे 8.4 रेटिंग मिली है। साल 2006 में आई यह एक तमिल क्राइम एक्शन फिल्म है। इसके राइटर और डायरेक्टर सेल्वाराघवन हैं। फिल्म में धनुष लीड रोल में हैं और उनका नाम कोक्की है। उनके अलावा सोनिया अग्रवाल और स्नेहा भी स्पोर्टिंग कास्ट में हैं। 'पुधुपेट्टई' एक झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले छात्र की कहानी है, जो रोजी-रोटी चलाने के लिए चेन्नई में एक खूंखार गैंगस्टर बन जाता है।*

***आदुकलम** :'आदुकलम' धनुष की एक और बेजोड़ फिल्म है, जो बॉक्स ऑफिस पर पर भी सुपरहिट रही और जिसे समीक्षकों ने भी खूब तारीफ दी। साल 2011 में रिलीज इस तमिल ड्रामा के डायरेक्टरर वेत्रिमारन हैं। फिल्म में धनुष के साथ तापसी पन्नू हैं। यह तापसी की पहली फिल्म थी। इनके अलावा कास्ट में किशोर, वीआईएस जयपालन, नरेन नारायणन और मुरुगादॉस भी हैं। खास बात यह है कि 'आदुकलम' को 58वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 6 अवॉर्ड्स मिले थे। 'आदुकलम' की कहानी में मुर्गों की लड़ाई है। इसमें पेरियासामी उर्फ पेट्टईकरन और इलाके का पुलिस इंस्पेक्टर रत्नास्वामी दो राइवल हैं। मुर्गों की लड़ाई में अक्सर पेट्टई ही जीतता है, क्योंकि वह मुर्गों की तगड़ी परख रखता है।*

## खबर संक्षेप



### लेडिज क्लब ने रचाया सांस्कृतिक रंग

**रायगढ़।** डीबी पावर अभिव्यक्ति लेडिज क्लब की महिलाओं ने इस वर्ष भी हरियाली तीज पर्व को पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग में सराबोर करते हुए होटल श्रेष्ठा रायगढ़ में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर तीज क्वीन प्रतियोगिता सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की खास आकर्षण रही तीज क्वीन प्रतियोगिता, जिसमें क्लब की सदस्याओं द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाते हुए इस वर्ष श्रीमती पिंकी साहू को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। डीबी पावर लेडिज क्लब का गठन प्लांट में कार्यरत अधिकारियों की धर्मपत्नियों द्वारा किया गया है।

क्लब का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक आयोजन तक सीमित नहीं, बल्कि प्लांट के आसपास के ग्रामों में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समाजसेवा के विविध कार्यों में सक्रिय सहभागिता देना है।

कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब की अध्यक्ष श्रीमती कस्तुरी सरकार के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें डीबी पावर प्रबंधन और क्लब की समस्त सदस्याओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन की भव्यता और उद्देश्यपरकता ने इसे एक यादगार उत्सव में बदल दिया।

### बाइक सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने रौंदा, दो की मौत

**रायगढ़।** सारंगढ़ से बाइक में सवार को कोमसनारा बाबाधाम दर्शन के लिए जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंद दिया। जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जप्त कर लिया है, वहीं घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक फरार हो गया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के कोसीर थानांतर्गत ग्राम नूनपानी निवासी जनक साहू पिता पुरुषोत्तम साहू (19), भारत यादव पिता शिवप्रसाद (22) रविवार की शाम बाइक से गांव के तोषन चौहान के साथ कोसमनारा जाने निकले थे। नूनपानी से तीनों युवकों को मिलाकर गांव से 11 युवकों की टोली 4 अलग-अलग बाइक से कोसमनारा जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जैसे ही वो अमलीभौना के पास पहुंचे थे कि सामने आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उपेक्षित पड़ा वन ...

प्रति जागरूक करने के लिए सरकार की ओर से वन महोत्व व अन्य कई प्रकार के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं और दूसरी ओर वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण वन भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। जशपुरांचल में हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में हैं। प्रदेश में वन भूमि अतिक्रमियों के निशाने पर बनी हुई हैं। ऐसे में हरित छत्तीसगढ़ का सपना अधूरा ही रह गया है। हालांकि वन विभाग की ओर से कोरम पूरा करने के लिये समय-समय पर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाता है लेकिन इसके बाद भी अब तक वन विभाग को अधिक सफलता नहीं मिल सकी है। बिडंबना है कि वनविभाग अपने नैतिक कर्तव्यों के निर्वहन में भी लापरवाही बरत रहा हैं.यहां वनडीपो में एक भी लकड़ी नहीं है। ऐसे स्थिति में किसी व्यक्ति के मृत्यु के बाद हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार उन्हें दाह संस्कार की आवश्यकता के लिये लकड़ी की जरूरत होती हैं। इसके लिये लोगों को भटकना पड़ता है। अक्सर देखा गया है कि जब किसी की मौत होती है तो ट्रेक्टर या बैलगाड़ी से नगर के मोहल्लों में जाकर लकड़ियों का चंदा किया जाता हैं। किसी के घरों या बगीचे में सूखे पेड़ों को मांगकर दाह संस्कार करना पड़ता हैं। कुछ वर्ष पूर्व तो एक हिन्दू परिवार के व्यक्ति की मौत के बाद उन्हें लकड़ी नहीं मिलने के अभाव में हिन्दू रीतिरिवाज के विपरीत मिट्टी में दफनाना पड़ा था.उस दौरान वनविभाग की खूब किरकिरी हुई थी। बावजूद वनविभाग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

### किसानों को मिला ...

का भी वितरण किसानों को किया गया साथ ही आदिम जाति सेवा ससहकारी समिति मर्यादित कोतबा के प्रबंधक गोविंद यादव ने बताया की सर्वर सुधार होते ही सभी किसानों को प्राथमिकता क्रम में परमिट जारी कर खाद का वितरण सुचारू कर दिया गया है। साथ ही किसानों को नैनो यूरिया डीएपी का भी वितरण किया गया है।हालांकि किसानों को वैकल्पिक खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है लेकिन किसान इसमें रुचि नहीं दिखा रहे।

## नागपंचमी पर सर्पदंश से बचाव हेतु कार्यशाला

# सर्पदंश पर डरें नहीं, निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कराएं उपचार: विधायक रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मण्डल द्वारा जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक, डीएफओ शशि कुमार सहित सर्पमित्र, स्कूली बच्चे, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

- **जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं कलेक्टर सहित सर्प मित्र एवं स्कूली बच्चे कार्यशाला में हुए शामिल**

इस अवसर पर विधायक जशपुर श्रीमती भगत ने अपने जीवन में सांपों के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी को सांपों से ना डरने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सांप प्रकृति के मित्र हैं, हमारी आदिम परम्परा में प्राचीन समय से सांपों का महत्व रहा है। उन्होंने सभी को बरसात में सांपों से सावधान रहते हुए कार्य करने को कहा। उन्होंने सांप के काटने पर सर्वप्रथम ना डरने एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने की सलाह दी और कहा कि किसी देशी इलाज, झाड़फूंक, मंत्र-तंत्र, प्रार्थना में ना पड़ कर पहले स्वास्थ्य केंद्र को जाएं जहां हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी वैनम दवाइयां उपलब्ध कराई गयीं हैं। उसका लाभ लें। उन्होंने अधिकारियों को सभी आश्रम-छात्रावासों, कार्यालयों में संग्रहित सामग्रियों को समय समय हटा कर साफ करने को कहा। इसके साथ ही ग्रामीणों को सुबह सुबह जंगल जाकर लघु वनोपज संग्रहण के दौरान सावधानी रखने को कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जिले में विभिन्न प्रजाति के सांप पाए जाते हैं और बरसात के समय अक्सर सांपों का इंसानों से सामना हो जाता है। ऐसे में सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। सांप जब डरे होते हैं तब काटते हैं इसलिए सावधान रहते हुए सोने से पूर्व बिस्तरों को झाड़ें, आस पास सफाई रखें, जूते एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। सांपों से बचाव के लिए सांपों की जानकारी आवश्यक है जिसके लिए उन्होंने कार्यशाला जैसे प्रयासों के लिए वन विभाग का प्रोत्साहन किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी को सांपों से सावधान रहने एवं सांपों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय करने को प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि जशपुर को नागलोक की संज्ञा दी जाती है यहां पर सांपों की बहुत से प्रजातियां पायीं जाती हैं। वर्षा के समय जिले में बहुत सारे सर्पदंश के मामले सामने आते हैं।

हमें सांपों से बचने के लिए क्या ना करें क्या करें इसकी जानकारी होने की आवश्यकता है। सर्पदंश की अवस्था में तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पीड़ित को ले जाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वैनम दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गयीं है। सर्पदंश होने पर बड़े अस्पतालों की राह देखने की जगह जल्द से जल्द नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उचित उपचार प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यशाला में सर्प विशेषज्ञ अजय शर्मा, राहुल तिवारी, अविनाश यादव, जितेंद्र थवाईत, रामनिवास गुप्ता, डॉ सुनील लकड़ा, केसर हुसैन ने सांपों की प्रजातियों, जहरीले सर्पों की पहचान, उनके संरक्षण, सांपों से बचाव, सांपों के संबंध में कानूनी प्रावधानों, सर्पदंश के समय क्या करें क्या ना करें की विस्तृत जानकारी दी।



कार्यशाला का शुभारंभ करतीं विधायक।

### बच्चों के लिए सादरी में बनी रोचक सांप सीढ़ी खेल का विमोचन

इस कार्यशाला में विधायक जशपुर ने लोगों की जानकारी के लिए 3 जागरूकता समाग्री का विमोचन किया। जिसमें जशपुर में सांपों की प्रजातियों की जानकारी एवं सांपों से जुड़े तथ्यों, अंधविश्वासों, भ्रांतियों, व्यवहार, भोजन की विस्तृत जानकारी देने वाली पुस्तक ‡सांपों की दुनिया : मिथक एवं सत्य‡ शामिल है। इसके अतिरिक्त बच्चों को सर्पदंश से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा बनाए गए आकर्षक सांप सीढ़ी के खेल का भी विमोचन कर स्कूली बच्चों को वितरित किया गया। इस सांप सीढ़ी में बच्चों को रोचक तरीके से स्थानीय भाषा सादरी में सांपों से बचाव के तरीके बताए गए हैं। जहां सांपों से बचाव के सही तरीके पर पहुंचने पर सीढ़ी मिलती है जो खिलाड़ी ऊपर के बड़े अंकों में पहुंचा देती है और गलत कार्यों पर सर्पदंश मिलता है जो खिलाड़ी को नीचे के छोटे अंकों पर पहुंचा देता है। इसके साथ ही स्कूल के बच्चों को देने के लिए ब्रोशर का भी विमोचन किया गया।

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण

सांपों के संबंध के जागरूकता के संबंध में आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के लिए पुरस्कारों का वितरण किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में कुनकुरी की उर्मिला यादव को प्रथम, बगीचा की आकांक्षा कुमारी की द्वितीय, जशपुर की श्रुति बघेल को तृतीय स्थान हेतु पुरुस्कृत किया गया। वहीं निबंध प्रतियोगिता हेतु मनोरा की अर्पिता नागेश को प्रथम, फरसाबहार की रिया भगत को द्वितीय, कांसाबेल के सामदेव पैंकरा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



## अब पूर्व माध्यमिक शालाएं भी बढ़ाएंगी जशपुर का यश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश भर में पहचान बनाने वाले जशपुर जिले की विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम ने हायर सेकेंडरी स्कूलों के साथ ही अब प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में भी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

- **पहली बार मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठकों का उन्मुखीकरण**

डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और डीईओ पीके भटनागर के निर्देश पर इसी परिप्रेक्ष्य में 28 जुलाई से 617 शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठको का उन्मुखीकरण की शुरुआत यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत पहली बार की गई है। पहले दिन बगीचा और दुलदुला विकासखंड के 118 प्रधान पाठक उन्मुखीकरण में उपस्थित रहे। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा प्रधान पाठकों को पूरे मन और पूरी क्षमता से कार्य करने के साथ कर्तव्य बोध के लिए विशेष मोटिवेशनल क्लास लिया जा रहा है। विनोद गुप्ता के द्वारा मनोवैज्ञानिक अब्राहम मैस्लो की हाईआर्की आफ नीड थ्योरी के विषय में प्रधान पाठकों को समझाते हुए यह बताया गया कि मनुष्य की आवश्यकताओं में सबसे निम्न स्तर पर फिजियोलॉजिकल नीड से लेकर कैसे अंतिम और सर्वोच्च स्तर आत्मबोध एवं आत्म संतुष्टि तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों को कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर छात्रों के विकास हेतु कार्य करना है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले भर के कुछ ऐसे शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है जिन्होंने अपने विषय क्षेत्र में विशेष कार्य किया है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर एलन साहू ने विज्ञान के कई प्रयोग करके दिखाया और राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा के बारे में जानकारी और विद्यार्थियों के पंजीयन के विषय में बताया। मास्टर ट्रेनर्स संजय दास, गायत्री देवता, राजेंद्र प्रेमी, सरिता नायक, सतेंद्र सिंह, सोमनाथ साहू के द्वारा अलग-अलग विषयों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

## वेतन का 1 प्रतिशत छात्रों के नाम, शिक्षक पंडा के अभियान का दिख रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शिक्षक विजय पंडा द्वारा शुरू किया गया वेतन का एक प्रतिशत छात्र हित में अभियान अब जनजागरूकता का रूप लेता जा रहा है। जून माह से प्रारंभ इस अभियान में शिक्षक अपने वेतन का एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए समर्पित कर रहे हैं। शिक्षक विजय पंडा ने अपने जन्मदिन पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि छोटे संसाधनों से भी बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने अपने आसपास के स्कूलों में इस कार्य को फैलाना शुरू किया है और अब अन्य शिक्षक भी इससे जुड़ने लगे हैं। जुलाई माह में कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों जोगेंद्र सिदार और अल्फान्स मिंज ने अभियान से जुड़कर अपनी भागीदारी निभाई और कार्ययोजना को सफल बनाया। इस पहल को समाज और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय बताया जा रहा है। विजय पंडा का यह कदम न सिर्फ एक सामाजिक परिवर्तन की ओर इशारा करता है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को भी मजबूती प्रदान करता है। सीमित संसाधनों में शिक्षा के लिए किया गया यह समर्पण आने वाले समय में और भी शिक्षकों को प्रेरित करेगा।



### कटारीपारा में विधिक साक्षरता शिविर

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ की अध्यक्ष प्रिया रजक के निर्देशानुसार छाल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटारीपारा में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यस्थता व आपसी सुलह समझौते के जरिए विवादों के समाधान पर जोर देते हुए ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी गई। समिति के वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। शिविर के दौरान कई प्रकरणों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। वक्ताओं ने बताया कि ऐसे शिविरों से लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ मिल रहा है और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों से ग्रामीणों को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## घटोरिया धाम से कोसमनारा बाबाधाम तक कांवड़ यात्रा

**तमनार।** सावन के तीसरे सोमवार को केलो नदी के तट पर बसे घटोरिया धाम कसडोल से लेकर कोसमनारा स्थित सत्यनारायण बाबाधाम तक का 27 किलोमीटर लंबा पदयात्रा मार्ग हजारों कांवड़ियों की आस्था और भक्ति से गूंज उठा। शिवभक्तों ने बोल बम हर हर महादेव ओम नमः शिवाय जैसे जयकारों के साथ नाचते-गाते हुए कांवर में गंगाजल, बेलपत्र, दूध व पुष्प लेकर बाबा को जल अर्पित किया।

- **हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना**

इस विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ रविवार रात 12 बजे घटोरिया धाम से हुआ, जहां पहले श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी का प्रसाद खिलाया गया और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना। श्रद्धालु भैसगढ़ी, बड़गांव, बरलिया, उर्दना होते हुए कोसमनारा पहुंचे, जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक कर उन्होंने अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। बता दें कि बाबा सत्यनारायण विगत 27 वर्षों से अखंड तपस्या में लीन हैं। प्रचंड गर्मी, भीषण वर्षा और कड़कड़ाती सर्दी भी उनके साधना को डिगा नहीं पाई। उनके इस तप और योगसाधना के प्रति लोगों की श्रद्धा इतनी गहरी है कि हर साल हजारों शिवभक्त उनके दर्शन और शिवलिंग पर जल अर्पित करने उमड़ पड़ते हैं।



### जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

इस पावन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, बंशीधर चौधरी, जतिन्द्र साव, रूपेश साहू ने उपस्थित रहकर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर चाय, बिस्किट, केला, पानी की सेवा के शिविर लगाए गए थे, जिससे कोई भी भक्त भूखा या प्यासा न रहे। पूरे आयोजन में घटोरिया पूजन एवं जलाभिषेक पदयात्रा समिति कसडोल एवं बाबा धाम समिति कोसमनारा ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली। प्रसाद, पेयजल, भजन-कीर्तन व सुरक्षा जैसी हर व्यवस्था इतनी सशक्त थी कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

## सावन के तीसरे सोमवार को संगम चौक में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बिलाईगढ़ के संगम चौक में बोल बम समिति और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में स्थानीय युवाओं की टोली ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को विशेष रूप देते हुए श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, हलवा सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद तैयार किया गया था। श्यामू श्रीवास, नरेंद्र देवांगन, प्रदीप देवांगन, प्रभाकर कर्ष, सुखीराम राकेश, अशोक राकेश, शिव राकेश, प्रतीक श्रीवास, अनूप, छोटेलाल, अमन, विकास, तुषार, सुमित और अमन सीताराम जैसे युवाओं ने पूरे समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दीं। वहीं दूसरी ओर रवि राकेश के नेतृत्व में एक अलग प्रसाद वितरण केंद्र भी संचालित किया गया, जिसमें लखन जायसवाल, भारत राकेश, चंद्रशेखर राकेश और दुर्गेश राकेश का सराहनीय योगदान रहा। सावन के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।




## श्री महल सिनेमा में दर्शकों से दुर्व्यवहार फिर चर्चा में आया सिनेमा हॉल

**भटगांव।** नगर का श्री महल सिनेमा एक बार फिर से विवादों में है। दर्शकों से दुर्व्यवहार और स्टाफ की बदसलूकी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे सिनेमा हॉल की छवि पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला चर्चित फिल्म 'सैयरा' के टिकट को लेकर सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक दर्शक खुशी-खुशी टिकट लेने श्री महल सिनेमा पहुंचा। लेकिन टिकट काउंटर पर कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। आवाज देने पर जब एक कर्मचारी बाहर आया, तो उसने गुस्से में कहा—“अभी लाइट बंद है, टिकट नहीं मिलेगा”—और अंदर चला गया। ग्राहक की खुशी उस वक्त मायूसी में बदल गई जब बिना कारण के उसे इस तरह की बेरुखी झेलनी पड़ी। यह पहली बार नहीं है जब श्री महल सिनेमा स्टाफ के दुर्व्यवहार को लेकर चर्चा में आया है। पूर्व में भी मारपीट, अभद्र भाषा और स्टाफ के असंवेदनशील रवैये से संबंधित कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों में व्यवहार की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, लेकिन श्री महल सिनेमा प्रबंधन इस दिशा में बिल्कुल लापरवाह दिखता है।

## कृषि विभाग ने की अपील, ग्राम स्तर पर चल रहा प्रचार-प्रसार

# किसान 31 जुलाई तक कराएं खरीफ की फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

बिलाईगढ़ विकासखंड के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल को सुरक्षा कवच देने का सुनहरा मौका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि वर्षा आधारित खरीफ सीजन की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसको लेकर किसानों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाने के लिए ग्राम कृषि विस्तार अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय किया गया है। वे घर-घर जाकर किसानों को योजना के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें एग्री स्टॉक पोर्टल पर पंजीयन कराने की जानकारी दे रहे हैं।



### अब भी कर सकते हैं पंजीयन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ की फसलों के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित है। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीट-व्याधियों, अतिवृष्टि, सूखा या अन्य कारणों से फसल क्षति होने की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। किसान अपने नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केंद्र या मान्यता प्राप्त बैंक शाखा में जाकर पंजीयन करवा सकते हैं।

### इन फसलों का कराएं बीमा, तय है प्रीमियम

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए उड़द की बीमा राशि 29,000 है, जिसमें किसान को 580 रूपये प्रीमियम देना होगा। मूंग की बीमा राशि 29,000, प्रीमियम 290 है। मूंगफली के लिए 49,000 बीमा में 980 प्रीमियम रखा गया है। कोदो के लिए 17,000 बीमा राशि में किसान को 170 देना होगा, कुटकी 19,000 में 190 प्रीमियम है। मक्का 39,000 की बीमा राशि पर 780 प्रीमियम देना होगा। धान असिंचित के लिए 43,000 बीमा राशि में 860 देना होगा, जबकि धान सिंचित के लिए 55,000 बीमा राशि पर किसान को 1100 प्रीमियम देना होगा। इसी तरह अरहर की बीमा राशि 43,000 है, जिसमें किसान को 447 प्रीमियम देना है। रागी के लिए 16,000 की बीमा राशि पर 160, और सोयाबीन के लिए 30,000 बीमा राशि में 300 प्रीमियम देना होगा।

